

## विद्यालय परिचय

*A Unique place to grow....*

हनुमान प्रसाद धानुका सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर, विद्या भारती संस्था से सम्बद्ध एक ऐसा उत्कृष्ट संस्थान है जिसका एकमात्र उद्देश्य ऐसी समृद्ध व गुणवत्तापरक शिक्षा प्रणाली उपलब्ध कराना है जिससे ब्रज की बालिकाएँ शैक्षणिक व सामाजिक मानकों पर आधारित राष्ट्रीय चरित्र, सुसंस्कारित, स्वावलम्बी, नवोन्मेषी व मानवीयता संबंधी गुणों को आत्मसात कर समाज में जीवन्त उदाहरण बन सकें।

यह विद्यालय वृन्दावन नगर में लाल और सफेद पत्थर द्वारा राजस्थानी शैली में निर्मित भव्यता एवं आकर्षण का केन्द्र बिन्दु है। Digital Smart Classes अध्ययनार्थ कक्षाकक्ष एवं प्रयोगशालाएँ नवीन उपकरणों के समावेश से ज्ञान का प्रस्फुरण करती हैं। वर्तमान में 1578 छात्राएँ कक्षा षष्ठ से द्वादश तक विद्यालय में प्रतिक्षण नूतन तकनीकि से ज्ञान प्राप्त कर फलीभूत हो रही हैं। विद्यालय में छात्राएँ लगभग 20-25 किलोमीटर की परिधि से शिक्षा ग्रहण करने हेतु आती हैं। प्रबुद्ध प्रबन्धन व अनुभवी शिक्षकवृन्द के नेतृत्व में बालिकाएँ उन्नत समाज का निर्माण करने के लिए प्रयत्नशील हैं।

श्रद्धेय हनुमान प्रसाद जी धानुका
(जिनकी पुण्य स्मृति में विद्यालय की स्थापना हुई)



## अध्यक्ष जी का भाव

शिक्षा एक बौद्धिक साधना ही नही, वरन् बालक की सुषुप्त शक्तियों को जाग्रत करने का आधार है। ज्ञान के द्वारा बौद्धिक विकास, गरिमामयी व्यक्तित्व के द्वारा चरित्र एवं सामाजिक परम्पराओं के द्वारा संस्कृति की त्रिवेणी मानव जीवन को तीर्थराज बनाती है। शिक्षा का उद्देश्य सत्य की खोज ही नहीं वरन् एक ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण करना है जिसके द्वारा वह वर्तमान की चुनौतियों का सफलता पूर्वक सामना कर सके।

विद्यालय में यह कार्य कुशल प्रबंध तंत्र एवं योग्य शिक्षकवृन्द के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि विद्यालय में छात्राएँ शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व आध्यात्मिक शक्तियों का विकास कर स्वयं को श्रेष्ठ बनाकर मानवीय मूल्यों को आत्मसात कर प्रगति-पथ पर अग्रसर हों।

पदमनाभ गोस्वामी



## प्रबन्धक की कलम से

मानव जीवन में शिक्षा को अमूल्य व विशुद्ध कार्य माना गया है। शिक्षा वह प्रकाशीय ज्योति है जो अज्ञानरूपी अन्धकार को दूर कर विद्यार्थी को ज्ञानरूपी प्रकाश प्रदान करती है। इसलिए कहा गया है -

तमसोऽमाज्योतिर्गमय

विद्या भारती के कुशल नेतृत्व और विद्यालय की प्रबन्ध समिति के निर्देशन में विद्यालय उत्तरोत्तर प्रगतिपथ पर अग्रसर है। विद्यालय का लक्ष्य नन्हीं नन्हीं कलिकाओं को समसामयिक शिक्षा प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना जिसके द्वारा वे अपने जीवन को ज्योतिपुंज बना सकें, जिसके लिए प्रबन्ध समिति द्वारा समग्र नवीनतम उपकरण, शिक्षण सामग्री एवं आधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था विद्यालय में निरन्तर उपलब्ध कराई जाती है।

विश्वनाथ गुप्ता



## प्रधानाचार्या के उद्गार

- ज्ञान व्यक्ति को शीलवान, शिष्ट और विनम्र बनाता है।
- हनुमान प्रसाद धानुका एक जाग्रत विद्यालय है जिसकी स्थापना विद्याभारती के लक्ष्य को सामने रखकर 27 वर्ष पूर्व हुई थी। इसके प्रबन्ध तन्त्र व आचार्य/आचार्या मंडल ने अथक प्रयास, तप और ऊर्जा से इसे प्रतिष्ठित किया है।
- 1996 का यह प्रज्ज्वलित अखण्ड दीप है जिसका प्रकाश छात्राओं द्वारा प्राप्त उपलब्धियाँ हैं। यहाँ पूरा प्रयास रहता है कि छात्राओ के शरीर, मन व अन्तःकरण को स्वस्थ-समुन्नत बनाने के लिए अनुकूल वातावरण व मार्गदर्शन प्रदान किया जाये।
- शिक्षा भी एक प्रकार से बीज बोने की प्रक्रिया है, यह बीज हैं ज्ञान के, संस्कार के और संस्कृति के। इनको अंकुरित करना है, पोषित-पल्लवित करना है। जीवन मूल्यों, संस्कृति और सभ्यता की रक्षा करना, राष्ट्र के प्रति प्रेम को स्थापित करना ही विद्यालय का एकमात्र लक्ष्य है।
- शिक्षा द्वारा विद्यार्थियों की कार्यक्षमता को बढ़ाया जाता रहा है। यह आशा रखते हुए कि वह अपनी शिक्षा का लाभ अन्य लोगों को दें। जितना प्राप्त हुआ है उसका दस गुना समाज को लौटायें।
- योग-प्राणायाम, शैक्षिक भ्रमण, ग्राम्य दर्शन, वैदिक गणित, विज्ञान, बौद्धिक एवं शारीरिक प्रतियोगिताओं और शिविरों में छात्राएँ भागीदारी कर अन्तर्निहित क्षमताओं का विकास करती रही है।
- विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है, सभी विषयों में विशिष्ट योग्यता लेकर छात्राएँ अलंकृत हुई हैं। समाज की आशाओं के अनुरूप यह विद्यालय प्रगति पथ पर अग्रसरित है।

डॉ. अंजू सूद

## पुस्तकालय एवं वाचनालय

ज्ञान का विस्तार करने के लिए विद्यालय में 14,915 पुस्तकों से सुसज्जित भव्य पुस्तकालय है जहाँ सामाजिक एवं पाठ्योत्तर उपयोगी पत्र-पत्रिकाएँ भी उपलब्ध कराई जाती हैं। NCERT Books online digitally उपलब्ध कराई जाती हैं।

## कार्यानुभव

श्रम के प्रति निष्ठा जाग्रत करने के लिए विद्यालय में बागवानी, पेंटिंग, कढ़ाई, सिलाई, हस्तकला, कम्प्यूटर, पाक कला एवं नृत्य गीत आदि के परीक्षण की भी व्यवस्था है।

## स्वास्थ्य परीक्षण

सत्र-पर्यन्त दो बार स्वास्थ्य परीक्षण अनुभवी चिकित्सकों द्वारा कराया जाता है। प्राथमिक चिकित्सा की समुचित व्यवस्था है।

## छात्रा दैनन्दिनी

छात्रा दैनन्दिनी अभिभावक व विद्यालय के बीच सम्पर्क, नियमित गृहकार्य व आवश्यक सूचनार्थ सुविधाजनक एवं महत्वपूर्ण माध्यम है।



## छात्रा संसद

विद्यालय व्यवस्था में सहयोग एवं छात्राओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने हेतु विद्यालय स्तर पर एक छात्रा संसद का गठन प्रतिवर्ष किया जाता है। छात्रा संसद चुनाव लोकतांत्रिक विधि (Electronic Voting) से पूर्ण किये जाते हैं। सर्वप्रथम प्रत्येक कक्षा से तीन सदस्य छात्राओं द्वारा चुने जाते हैं तथा एक सदस्य कक्षा अध्यापक / अध्यापिका द्वारा मनोनीत किया जाता है। छात्रा संसद के महत्वपूर्ण पदों पर वरिष्ठ कक्षा की छात्रायें आसीन होती हैं जिन्हें प्रत्येक कक्षा से चुन कर आए सदस्यों द्वारा चुना जाता है। चुन कर आयी छात्राएँ विद्यालय की प्रधानमंत्री, अध्यक्ष, सेनापति, न्यायाधीश तथा अनुशासन प्रमुख आदि पदों पर सुशोभित होती हैं। छात्रा संसद गठन करते समय छात्रा की योग्यता, क्षमता, नियमितता तथा व्यवहार कुशलता को ध्यान में रखा जाता है।

## *Phonetic Lab*

अंग्रेजी भाषा का ज्ञान एवं उचित भाषा उच्चारण सिखाने हेतु नई तकनीक व्यवस्था है।

## *Digital Classes*

सभी कक्षाओं में इलैक्ट्रोनिक उपकरणों (Digital Projectors) की व्यवस्था है।

## *Laboratories*

अत्याधुनिक तकनीक (Latest technology) से निर्मित निर्धारित विषयों की प्रयोगशालाओं में प्रयोगात्मक व क्रियात्मक ज्ञान की व्यवस्था है।



## घोषदल

घोष को अनुशासन का प्रतीक माना जाता है। वर्तमान में विद्यालय में 3 घोष दल हैं, जिनमें 120 छात्राएँ हैं। तीनों दल आनक, वंशी, बिगुल, ट्रम्पेट एवं बैगपाइप जैसे आधुनिक वाद्यंत्रों से सुसज्जित हैं जो कि छात्राओं में समता तथा तारतम्यता की भावना को जाग्रत करने का कार्य करती हैं। छात्राएँ घोष वादन में कई रचनाओं का वादन करने का सामर्थ्य रखती हैं जो कि गणतंत्र दिवस-पथ संचलन व विद्यालय में विभिन्न आयोजनों पर प्रस्तुत की जाती हैं।

## मातृ भारती

विद्यालय को सामाजिक चेतना का केन्द्र बनाने में मातृभारती की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहती है।
हमारे विद्यालय में मातृभारती का गठन किया गया है जिसमें सभी कक्षाओं से 2-2 माताओं का चयन किया गया है, जिसमें उनकी रुचि को ध्यान में रखते हुए दायित्व दिया गया है।

## कन्या भारती

कन्या भारती सामूहिक संगठनात्मक पद्धति, दायित्व बोध से चलने वाला एक विद्यालयी संगठन है। इसके माध्यम से कन्या भारती की बहिनों का विद्यालयी गतिविधियों में नियमित सहकार्य बढ़े, इसलिए दायित्व बोध हेतु कन्या भारती का गठन होता है। बालिका शक्ति का एक अद्भुत भंडार है जिसमें कीर्ति, वाक्, श्री, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा आदि अनेक शक्तियाँ विद्यमान हैं।

## पर्व एवं जयन्तियाँ

अपने देश के गौरव युक्त इतिहास का ज्ञान एवं महापुरुषों में श्रद्धा, निष्ठा एवं आस्था के विकासार्थ विभिन्न पर्व एवं जयन्तियों का आयोजन किया जाता है तथा विशेष मार्गदर्शन हेतु समय-समय पर मनीषियों को आमंत्रित किया जाता है।



## प्रशंसा एवं प्रबोधन

छात्राओं को प्रशंसनीय कार्य करने पर प्रशंसा पत्र दिये जाते हैं तथा अनुशासनहीनता या दुर्व्यवहार करने पर विद्यालय की ओर से प्रबोधन पत्र दिया जाता है।

## अभिभावक सम्पर्क

बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुये समय-समय पर अभिभावक गोष्ठी सम्पर्क द्वारा सुझावों का आदान-प्रदान भी किया जाता है। विद्यालय में सम्पर्क हेतु प्रत्येक मास का अंतिम कार्यदिवस सुनिश्चित किया गया है। छात्राओं को Voice एवं Alert Message द्वारा सूचना देना तथा विद्यालय से सम्पर्क करने के लिए ई-मेल सुविधा भी उपलब्ध है। प्रत्येक परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिका दिखाने की तिथि परीक्षा तिथि सारणी में अंकित रहती है।

# LABORATORIES





# सामान्य विद्यालय नियम

1. विद्यालय में पूर्ण वेश में आना अनिवार्य है।
2. छात्रा के आधार कार्ड की प्रति प्रवेश के समय जमा कराना अनिवार्य है।
3. विद्यालय में मोबाइल, आईपॉड, अवांछनीय पत्रिकाएँ, कैमरा इत्यादि लाना पूर्णतः वर्जित है।
4. विद्यालय में अवकाश का उपयोग करने से पूर्व स्वीकृति लेना अनिवार्य है। अस्वस्थ होने की परिस्थिति में लिखित सूचना प्रदान करें एवं स्वास्थ्य लाभ के पश्चात् चिकित्सा अवकाश प्रार्थना पत्र जमा करायें।
5. विद्यालय समय में आयोजित गोष्ठियों में सम्मिलित रहें अथवा विद्यालय से बालिका के विषय में सूचना प्राप्त करने के लिए प्रत्येक माह के अन्तिम कार्य दिवस में प्रातः11:30 से 12:30 बजे तक सम्पर्क करें।
6. छात्रा के असंतोषजनक व गलत आचरण करने या विद्यालयी नियमों का उल्लंघन करने पर नाम पृथक करने का अधिकार विद्यालय को है।
7. बालिका को विद्यालयी सहगामी क्रियाकलापों में सहभागिता हेतु प्रेरित करें व प्रतिदिन घर का बना पौष्टिक सुपाच्य भोजन/सलाद/फल भेजें। फास्ट फूड वर्जित है।
8. किसी भी प्रकार का शुल्क वाहन चालक या परिचालक द्वारा न भेजें।
9. वाहन के स्थानक पर बालिका समय से उपस्थित रहें। निर्धारित वाहन से ही विद्यालय आयें। वाहन व मार्ग इच्छानुसार बदलने की अनुमति नहीं है। स्थानक तक लाने व ले जाने का दायित्व अभिभावक का है।

# वाहन सम्बन्धी सूचना

### मथुरा बस/वैन

सिविल लाइन, सदर, कृष्णापुरी, जनरल गंज, होलीगेट, भरतपुर गेट, डीग गेट, रूपम, मसानी, चौक बाजार, मण्डी रामदास, जयसिंहपुरा, गायत्री, कृष्णापुरम, बंगाली कालोनी, बिरला मन्दिर, पुष्पांजलि, लाजपत नगर, बजरंग धर्मकाँटा, महोली रोड, बी. एस.ए. कॉलेज, भूतेश्वर, द्वारिकापुरी, मण्डी चौराहा, सौंख रोड, कृष्णा नगर, हाइवे प्लाजा, गोवर्धन चौराहा, राधापुरम, लक्ष्मीनगर, कृष्ण जन्मभूमि, महाविद्या, ड्यूक पैलेस, गोकुल रेस्टोरैण्ट, अलवर पुल, के.डी. स्कूल, छटीकरा

### वृन्दावन वैन

सुनरख रोड, वंशीवट, गुरुकुल, गौरानगर, राजपुर, गोपीनाथ, गोविन्द देव, चार सम्प्रदाय, बिहारीजी रोड, मनीपाड़ा, सनेह बिहारी, दावानल कुण्ड, मोतीझील, चीर घाट, लोई बाजार, सेवाकुंज, ज्ञानगुदड़ी, गोपेश्वर, शीतला मंदिर, ब्रह्मकुण्ड, शाहजी मन्दिर, बिहार घाट, मथुरा गेट, रसिकबिहारी, अठखम्भा, अन्तर्यामी, जंगलकट्टी, वाराह घाट, आनन्द घाट, अनाजमण्डी, वनखण्डी, गांधी नगर, सुदामाकुटी, टटिया स्थान, पानी घाट, परिक्रमा मार्ग, चैतन्य विहार, रुक्मणी विहार, पुष्पांजलि

### वृन्दावन बस

चुंगी चौराहा, कात्यायनी, अम्बेडकर पार्क, भक्ति नगर, आदर्श नगर, मिर्जापुर धर्मशाला, आर.के.मिशन, अटल्ला चुंगी, गोधुलिपुरम, मयूर विहार, कैलाश नगर, जैंत।

### दूरवर्ती क्षेत्र

नरसीपुरम, औरंगाबाद, गणेशरा, रल, वाटी, सोमनाथ मैरिज होम, राया, मॉट, टैंटीगाँव, नसीटी, लक्ष्मी नगर (यमुनापार), मोती कुंज, जैंत, नरसी विहार, महाराज गार्डन, श्रीजी धाम, शियारा स्टेट

# शुल्क सम्बन्धी नियम

- वाहन शुल्क – 11 माह का (माह जून को छोड़कर) देय होगा।
- वाहन व्यवस्था मध्य सत्र में छोड़ना अनुमन्य नहीं होगा।
- शुल्क प्रत्येक माह की 10 से 20 तारीख तक जमा किया जायेगा।
- सूचना के अभाव में 2 माह शुल्क जमा न कराने पर छात्रा का नाम विद्यालय से पृथक कर दिया जायेगा।
- प्रवेश शुल्क 200/– जमा करने पर नाम दुबारा लिखा जा सकेगा।
- निर्धारित तिथियों में शुल्क जमा न करने पर 50 रुपया मासिक विलम्ब शुल्क लिया जायेगा।
- सम्पूर्ण सत्र का शुल्क दिनांक 30/4/2024 तक एक साथ जमा कराने पर रु.500 का Concession दिया जायेगा।



विद्यालय शुल्क निम्नलिखित एकाउण्ट में ऑनलाइन भी जमा कराया जा सकता है।

**पंजाब नेशनल बैंक, रमणरेती, वृन्दावन**

A/C No. 4903002100000434

IFS Code : PUNB0490300

विद्यालय एकाउण्ट में शुल्क जमा करने के 3 दिन के अन्दर कार्यालय में सूचित करना अनिवार्य है।

# नाम पृथक करना

1. अभिभावक द्वारा छात्रा का नाम पृथक कराने की स्थिति में 15 दिन पूर्व सूचित करें।
2. छात्रा का नाम निम्न बिंदुओं पर पृथक किया जायेगा–
   - (क) अनुशासनहीनता
   - (ख) असंतोषजनक प्रगति
   - (ग) लगातार एक ही कक्षा में दो बार अनुत्तीर्ण होने पर
   - (घ) विद्यालय शुल्क न जमा करने की स्थिति में

# प्रवेश संबंधी सूचना

विद्यालय में प्रवेश का माध्यम प्रवेश परीक्षा है जो कक्षा 6, 9 तथा 11 में कराई जाती है। कक्षा 7 तथा 8 में सीट उपलब्ध होने पर ही प्रवेश परीक्षा होती है। विद्यालय में अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाती है। परीक्षा का माध्यम हिन्दी व अंग्रेजी है। कक्षा 6 तथा 9 में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित व सामान्य ज्ञान विषयों की परीक्षा 50-50 अंकों की होती है। जो पिछली कक्षाओं के पाठ्यक्रम पर आधारित है।

कक्षा 11 में छात्राओं की रुचि के अनुरूप विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय के लिये प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। विज्ञान वर्ग में अंग्रेजी, विज्ञान व गणित विषयों की, वाणिज्य और कला में हिन्दी, अंग्रेजी व सामाजिक विषय की परीक्षा कराई जाती है। Merit के आधार पर छात्राओं का चयन होता है।

प्रवेश परीक्षा कक्षा 6, 7 तथा 8 के लिये 10 मार्च 2024 तथा कक्षा 9 एवं 11 के लिये 17 मार्च 2024 तथा 31 मार्च 2024 को सम्पन्न कराई जायेगी। आवेदन पत्र के साथ आदर्श प्रश्नपत्र, पंजीकरण तथा विवरणिका प्रदान की जायेगी।

# प्रवेश संबंधी नियम

1. कक्षा 6 से 9 एवं 11 तक प्रवेश अपेक्षित है।
2. जिस कक्षा में प्रवेश लेना है उसकी परीक्षा का आधार पूर्व कक्षा होगी।
3. पूर्व शिक्षा मान्यता प्राप्त विद्यालय से होनी चाहिए।
4. लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् वरीयता क्रम के आधार पर ही प्रवेश सम्भव होगा।
5. जिन छात्राओं का पिछली कक्षा का परिणाम नहीं आया है वे भी आगामी कक्षा की प्रवेश परीक्षा में बैठ सकती हैं, किन्तु पिछली कक्षा की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर ही प्रवेश दिया जायेगा।
6. अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम की Separate Classes हैं।
7. नवीन प्रवेश के बाद 15 दिन में टी.सी. जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा विद्यालय से नाम पृथक कर दिया जायेगा।


ग्रीष्मकालीन


शीतकालीन



विशेष : आर्थिक रूप से कमजोर किंतु मेधावी छात्राओं हेतु विशेष योजना।

# विद्यालय वेश

बालिकाओं को निर्धारित स्वच्छ एवं प्रैस किये हुए वेश में ही विद्यालय आना अनिवार्य है। घुटनों तक लम्बी ट्युनिक (स्काई ब्ल्यू) तथा सफेद कॉलरदार शर्ट, लम्बे सफेद मोजे, काले जूते (पॉलिश वाले), काले बैण्ड, निर्धारित बैल्ट तथा सप्ताह में दो दिन उक्त प्रकार का सफेद वेश, पद्वेश, काले चमड़े के जूते, सफेद मोजे, काले बैण्ड सहित ही रहेगा।

शीतकाल में स्काई ब्ल्यू हाफ स्वेटर – V गले का, अधिक ठंड/सर्दी में नेवी ब्ल्यू कोट तथा स्काई ब्ल्यू स्कार्फ। कक्षा नवम् से द्वादश में सफेद सलवार व नेहरू गले का कुर्ता घुटनों तक लम्बा रहेगा।

# पाठ्यक्रम

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद् C.B.S.E शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद् N.C.E.R.T. द्वारा निर्धारित एवं प्रकाशित पुस्तकें पढ़ाई जाती हैं। समस्त पाठ्यक्रम C.B.S.E द्वारा निर्धारित प्रारूप पर आधारित है।

# शिक्षण विषय

| कक्षा 6 से 8 | कक्षा 9 तथा 10 |
|---|---|
| 1. भाषा – हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत | 1. भाषा – हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत |
| 2. विज्ञान | 2. विज्ञान |
| 3. गणित | 3. गणित |
| 4. सामाजिक विज्ञान | 4. सामाजिक विज्ञान |
| 5. कम्प्यूटर | 5. आई.टी. (कम्प्यूटर) |
| 6. शारीरिक शिक्षा, योग, प्राणायाम | 6. शारीरिक शिक्षा |
| 7. आध्यात्मिक व नैतिक शिक्षा | 7. आध्यात्मिक व नैतिक शिक्षा |
| 8. संगीत (गायन, वादन तथा नृत्य) | 8. सामान्य ज्ञान |
| 9. चित्रकला (फैब्रिक, निब, व ग्लास) | 9. संगीत (गायन, वादन, तथा नृत्य) |
| 10. सामान्य ज्ञान | 10. चित्रकला (फैब्रिक, निब, ग्लास) |
| 11. गृह विज्ञान | 11. Artificial Intelligence |

## कक्षा 11 एवं 12

| क्र. | विज्ञान संकाय | क्र. | वाणिज्य संकाय | क्र. | कला संकाय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भौतिक शास्त्र | 1. | लेखाशास्त्र | 1. | इतिहास |
| 2. | रसायन शास्त्र | 2. | व्यावसायिक अध्ययन | 2. | अर्थशास्त्र |
| 3. | अंग्रेजी | 3. | अंग्रेजी | 3. | अंग्रेजी |
| 4. | हिन्दी, संस्कृत | 4. | हिन्दी, संस्कृत | 4. | हिन्दी, संस्कृत |
| 5. | जीव विज्ञान | 5. | Mass Media | 5. | शारीरिक शिक्षा |
| 6. | गणित | 6. | अर्थशास्त्र | 6. | संगीत (गायन) |
| 7. | शारीरिक शिक्षा | 7. | गणित | 7. | राजनीति शास्त्र |
| 8. | Computer Science with Python | 8. | शारीरिक शिक्षा | 8. | Drawing & Painting |
| | | 9. | Web Application | 9. | मनोविज्ञान |
| | | | | 10. | Legal Studies |





## व्यावसायिक शिक्षा :

- Information Technology
- Banking
- Mass Media
- Business Administration
- Financial Market Management
- Applied Mathematics

## विद्यालय समय :

| | | |
|---|---|---|
| शीतकालीन : | कक्षा 9 से 12 | 8:30 बजे से 2:30 बजे तक |
| | कक्षा 6 से 8 | 9:50 बजे से 3:40 बजे तक |
| ग्रीष्मकालीन : | कक्षा 9 से 12 | 7:30 बजे से 1:30 बजे तक |
| | कक्षा 6 से 12 | 9:00 बजे से 3:00 बजे तक |

**M.S. Bitta**
Chairman - AIATF
Celebrating ''एक शाम शहीदों के नाम'' and the repeal of article 370. The school has made a very moving gesture to inspire our younger generations, respecting the sacrifice of our great soldiers and martyrs.

# अतिथि देवो भवः

**Mariela Cruz**
Ex. Ambassador - Costa Rica
Best Yoga day. Blessed Love from Costa Rica

**Hema Malini**
M.P. - Mathura
All the students performed very well in the annual function of this school. My love & blessings.

**Maj. Gen. M.K.S. Yadav**
Sena Medal, ADG, Army H.Q.
It was an impressive show of discipline, I wish the school all the best in its future. I also wish good luck to the management, principal and staff.

**Ritu Maheshwari**
Commissioner, Agra
It was a pleasure visiting the shool on the occasion of "Mission Shakti" Awareness Program. The institute is doing great work in nurturing & helping realise their potential.

**Monica Lanzetta**
Ex-Ambassador, Columbia
Congratulations for a wonderful celebration of Yoga day.

**Dyego Souni**
Secretary to Ambassador, Costa Rica An amazing experience, a marvellous day. Congratulations for the Yoga day.

**Piyush Kumar Sharma**
Director- R.O. C.B.S.E., Noida
Visited the school today on the occasion of annual function. Delighted to witness the excellent performance of the girls.








**अनुराग त्रिपाठी**
सचिव - सी.बी.एस.ई.
क्षेत्रीय स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रशिक्षण कार्यक्रम में विस्तृत चर्चा की गई। मैं सुन्दर भव्य आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा एवं विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

**Shweta Arora**
**Regional Officer - C.B.S.E.**
Best Wishes!

**मा0 श्री राम नाईक**
(भूतपूर्व राज्यपाल, उ.प्र.)
विद्यालय द्वारा दी जा रही संस्कारमय शिक्षा से विद्यालय की छात्राएँ निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएँगी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं नृत्य-नाटिका से मन प्रफुल्लित एवं अभिभूत है।

**श्रीमती सुमित्रा महाजन**
भूतपूर्व लोकसभा अध्यक्ष
बालिकाएँ देश की निधि, राष्ट्रप्रेम एवं दायित्व निर्वहन की क्षमता उत्पन्न कर संस्कारित शिक्षा प्राप्त करें, ऐसी मेरी शुभकामना है।

**स्व. श्रीमती सुषमा स्वराज**
भूतपूर्व विदेश मंत्री, भारत सरकार
विद्या भारती के संस्कारमय वातावरण से युक्त विद्यालय की व्यवस्था, सज्जा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर मन अभिभूत हो गया। मातृ शक्ति कार्यक्रम में महिलाओं की उपस्थिति एवं बालिकाओं की उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

**श्री अर्जुनराम मेघवाल**
(केन्द्रीय संसदीय कार्य एवं कानून मंत्री)
संस्कारयुक्त शिक्षा ही भारत की आवश्यकता है। यह विद्यालय इस हेतु पूर्णतः समर्पित है।

**परम पूज्य जगद्गुरु द्वाराचार्य श्रीमलूक पीठाधीश्वर श्री राजेन्द्र दास देवाचार्य जी महाराज**
अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है कि विद्यालय भारतीयता के अनुरूप कार्य कर राष्ट्र की सर्वोपरि सेवा कर रहा है। निर्बाध गति से कार्य करते हुए आप सब अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें।

**परम पूज्य जगद्गुरु द्वाराचार्य श्री रामकमल दास वेदान्ती जी महाराज**
यह संस्था समस्त भारत में श्रेष्ठ शिक्षा व ज्ञान जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। इसका उद्देश्य सम्पूर्ण भारत में विकास करना एवं मातृ शक्ति का आदर्श विद्यालय स्थापित करना है। मैं विद्यालय की भूरि भूरि प्रशंसा करता हूँ।

**श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ**
A.D.J - Agra Zone
"मिशन शक्ति" कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय ने बहुत ही सफलता पूर्वक किया है। विद्यालय परिवार को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं।

**शिवकुमार शर्मा**
राष्ट्रीय मंत्री - विद्या भारती
कार्यक्रम बहुत शानदार रहा। सभी प्रस्तुतियाँ उत्तम स्तर की रहीं। बच्चों का प्रस्तुतीकरण बहुत अच्छा रहा। विद्यालय में प्रगति की सम्भावना बहुत है।

**अरुण जेमिनी**
राष्ट्रीय कवि
हनुमान प्रसाद धानुका विद्यालय में आना बहुत ही सुखद अनुभूति से भरपूर रहा, छात्राओं की प्रस्तुति अद्भुत और सारे स्टाफ का स्नेह वंदनीय है।

**डॉ. विष्णु सक्सैना**
राष्ट्रीय कवि
भारतीय संस्कृति का एक नमूना देखना हो तो यहाँ आँख मूँद कर आ जाइये। मैं यहाँ पहली बार आया हूँ, इस परिसर में आनंद आ गया।

**श्री मदनमोहन धानुका**
Chairman : I.G. Petrochem, Mumbai
यह विद्यालय मथुरा जनपद में एक प्रतिष्ठित संस्थान है। यहाँ की छात्रायें प्रवीण होकर समाज में ज्योतिपुंज आलोकित करेंगी।

**डॉ. शरद रेणु**
भूतपूर्व मंत्री, भारतीय श्री विद्या परिषद
स्वयं का लगाया हुआ पौधा जब अपनी सुगंध को चारों ओर बितरित करता है, लोगों को आनन्द देता है तो माली को जैसे आत्मिक आनंद होता है वैसी ही आनंद की अनुभूति मुझे आज हो रही है। यह विद्यालय ऐसा ही शिक्षा का तरु है जो वट-वृक्ष बनकर समाज को संस्कारों की छाया दे रहा है।

**श्री नारायण दास अग्रवाल**
कुलाधिपति, जी.एल.ए. विश्वविद्यालय
''एक शाम शहीदों के नाम'' कार्यक्रम देखा। सभी छात्राओं के द्वारा प्रस्तुति की सराहना करता हूँ।







## VIDYA BHARTI : ZONAL LITERARY COMPETITIONS

| COMPETITION | VENUE | CATEGORY | RESULT | NAME | CLASS |
|---|---|---|---|---|---|
| Quiz | Soorajbhaan | Junior | 1st | Prachi, Vahini | 8th |
| | | | | Harshita | 7th |
| Antakshari | | Junior | 1st | Arti | 6th |
| | | | | Jagrati | 7th |
| | | | | Richa | 8th |
| Self Composed Poem | | Senior | 1st | Vanshika Sharma | 10th |
| Speech | | Senior | 2nd | Vidhi Rajawat | 10th |

## VIDYA BHARTI : STATE LEVEL LITERARY COMPETITIONS

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Quiz | L.P.S.B.V.Mandir Bulandshahar | Junior | 1st | Prachi, Vahini | 8th |
| | | | | Harshita | 7th |
| Antakshari | | Junior | 1st | Arti | 6th |
| | | | | Jagrati | 7th |
| | | | | Richa | 8th |
| Story telling | | Junior | 2nd | Astha Singh | 7th |
| Quiz | | Senior | 2nd | Nikita, Vanshika, Archana | 10th |
| Quiz | | Super Senior | 2nd | Ruchi, Nandini, Angle | 11th |
| Solo Acting | | Senior | 1st | Ladli Lawanglata | 10th |
| Speech | | Senior | 1st | Vidhi Rajawat | 10th |
| Self composed poem | | Senior | 1st | Vanshika Sharma | 10th |
| | | Super Senior | 3rd | Ranchi Gautam | 11th |
| Folk Dance | | | 1st | Soniya, Kishori, Prachi Priyanshi, Shreya, Radhika Nandini, Vaishnavi, Chanchal Geet, Chitranshi, Shrishti Divyanjali, Ayushi, Radhika | |
| Paper Reading | | Teacher | 1st | Ms. Sakshi Kanwar | |



## VIDYA BHARTI : NATIONAL SPORTS COMPETITIONS

| SPORTS | VENUE | CATEGORY | RESULT | NAME | CLASS |
|---|---|---|---|---|---|
| Vollyball | S.V.M. Champa (Chattisgarh) | U-17 | Bronze | Omishi, Preeti, Divya | 10th |
| | | | | Sanjana, Monika | 12th |
| | | | | Yashika Chaudhary | 9th |
| | | | | Tiksha, Sanjana | 11 |
| Table Tennis | S.V.M. Prayagraj | U-19 | Participation | Richa Gautam | 12 |
| | | | | Supriya Sharma | 12 |
| | | | | Disha Baghel | 11 |
| | | | | Khyati Singh | 12 |
| Judo | P.D.D.S.V.M. Vrindavan | U-19 | Bronze | Divya Gautam | 11 |
| | | | | Bhoomi Gautam | 11 |
| Karate | S.V.M. Dewas | U-14 | Silver | Pragya Sharma | 7 |
| | | U-17 | Bronze | Somya Saxena | 9 |
| | | | Silver | Shripriya Agrawal | 7 |
| | | | Silver | Deeksha | 10 |
| | | | Silver | Urmica Goswami | 8 |
| | | U-19 | Silver | Aditi Chaudhary | 9 |
| | | | Silver | Bhoomi Agrawal | 10 |
| | | | Silver | Prachi Sisodiya | 9 |
| Kurash | P.D.D.S.V.M Vrindavan | U-14 | Bronze | Vaishnavi Chaudhary | |
| | | U-17 | Bronze | Nimisha Dixit | 11 |
| | | U-19 | Bronze | Neha Sharma | 9 |
| Taekwondo | P.D.D.S.V.M Vrindavan | U-14 | Bronze | Pari Goyal | 6 |

## VIDYA BHARTI : STATE SPORTS COMPETITIONS

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Chess | Anandswaroop Arya S.V.M.Roorkee | U-17 | Silver | Lakita | 9th |
| | | | | Khushboo | 12th |
| | | | | Himani | 10th |
| | | | | Vrinda | 9th |
| | | | | Shivani | 11th |
| Chess | | U-19 | Silver | Bhoomika | 10th |
| | | | | Aaradhya | 11th |
| | | | | Nandini | 9th |
| | | | | Bhavna | 12th |
| | | | | Deepshikha | 12th |
| Kabaddi | Savitri Devi Laxmichand S.V.M. Khurja | U-14 | Silver | Jyoti, Radha | 8th |
| | | | | Ruchi | 9th |
| | | | | Radhika Tomar | 8th |
| | | | | Aishwarya | 8th |
| | | | | Deepika Dhangar | 8th |
| | | | | Kanchan | 9th |
| | | | | Prachi | 10th |
| Kho-Kho | | U-19 | Bronze | Anushka, Bhoomi | 10th |
| | | | | Muskan | 9th |
| | | | | Deepika Solanki | 11th |
| | | | | Khushi, Khushboo | 10th |
| | | | | Divya Mishra | 11th |
| | | | | Khushi Pandey, Sneha | 11th |
| | | | | Muskan Chaudhary | 10th |
| | | | | Astha | 9th |



## EXTERNAL COMPETITIONS

| Competition | Organizer | Category | Result | Names | Class |
|---|---|---|---|---|---|
| **ALL INDIA SWACHH BHARAT** | | | | | |
| Art Competition | N.E.H.R.D.O | Senior | 1st | Durgesh, Ishu | 10th |
| | | | | Nitika | 8th |
| | | | | Nikita Das | 6th |
| | | | | Lavanya | 9th |
| **BRIJ HERITAGE FESTIVAL 2023** | | | | | |
| Akashaya Patra | | Junior | 1st | Ashi Chaudhary | 7th |
| Hindi Handwriting | | Senior | 1st | Richa Gautam | 9th |
| | | | 2nd | Shruti Gaur | 9th |
| | | | 3rd | Namrata Tiwari | 9th |
| Pencil Shading | | Junior | 2nd | Ayesha | 8th |
| | | | 2nd | Anupriya | 7th |
| | | | 3rd | Chelsi | 7th |
| Painting | | Senior | 2nd | Somya Saxena | 9th |
| Story telling | | Junior | 1st | Radhika | 8th |
| | | | 3rd | Ananya Sharma | 8th |
| **U.P. ART FESTIVAL 2023 U.P. GOVT ( DISTRICT LEVEL)** | | | | | |
| Sculpture | | Super Senior | 1st | Kanak Gupta | 12th |
| Classical Music | | Super Senior | 1st | Shubhangi Gupta | 9th |
| Folk Singing | | Super Senior | 1st | Anushka | 9th |
| **U.P. ART FESTIVAL 2023 U.P. GOVT ( REGIONAL LEVEL)** | | | | | |
| Sculpture | | Super Senior | 2nd | Kanak Gupta | 12th |
| Classical Music | | Super Senior | 2nd | Shubhangi Gupta | 9th |
| Folk Singing | | Super Senior | 3rd | Anushka | 9th |
| Radha Krishna Swaroop Comp. | Sankar Bharti, Vrindavan | Junior | 1st | Radhika, Shrishti | 6th |







# VISITORS-2023


## INTER HOUSE COMPETITION

| Competition | Group | House | Result | Name | Class |
|---|---|---|---|---|---|
| English Quiz | Junior | Prithvi | 1st | Sakshi, Rashi, Nandini, Purvi, Ashi Hemakshi, Shrishti, Aakriti | |
| | | Agni | 2nd | Megha, Rama, Supriya, Chitranshi Gargi, Geetika, Purva, Khushi | |
| Story Telling | Junior | Prithvi | 1st | Prakshi | 7th |
| | | Shakti | 2nd | Radhika | 7th |
| | | Agni | 3rd | Ruhi | 7th |
| English Poem | Junior | Agni | 1st | Pushti Singh | 6th |
| | | Vayu | 2nd | Pari Parashar | 6th |
| | | Shakti | 3rd | Tanu Chaudhary | 6th |
| English Speech | Super Senior | Agni | 1st | Riddhima | 12th |
| | | Prithvi | 2nd | Kavya Goyal | 12th |
| | | Vayu | 3rd | Kishori Das | 12th |
| **Art Competition** | | | | | |
| Sculpture | Junior | Vayu | 1st | Ayesha | 8th |
| | | Shakti | 2nd | Priyanshi | 8th |
| | | Shakti | 3rd | Riya Godhar | 8th |
| | Senior | Prithvi | 1st | Manvi | 9th |
| | | Agni | 2nd | Archna | 9th |
| | | Prithvi | 3rd | Manvi | 9th |
| Wall Hanging | Junior | Vayu | 1st | Shrashti | 6th |
| | | Vayu | 2nd | Siddhika | 6th |
| | | Shakti | 3rd | Nupur Dey | 6th |
| Collage Painting | Junior | Vayu | 1st | Avika | 7th |
| | | Agni | 2nd | Jigyasa | 7th |
| | | Shakti | 3rd | Vaishnavi | 7th |
| Glass Bottle Art | Super Senior | Vayu | 1st | Kaveri | 11th |
| | | Shakti | 2nd | Khushi | 11th |
| | | Agni | 3rd | Khushbu | 11th |
| Lippan Art | Super Senior | Agni | 1st | Mahak, Avanika | 12th |
| | | Shakti | 2nd | Shalini, Hina Bansal | 12th |
| | | Vayu | 3rd | Nijani | 12th |
| 3 D Art | Super Senior | Shakti | 1st | Vaishnavi, Shivani | 11th |
| | | Agni | 2nd | Gauri Singh, Arti | 11th |
| | | Agni | 3rd | Ankita, Angel | 11th |
| Self Composed Poem (Hindi) | Senior | Vayu | 1st | Deepali Bghel | 12th |
| | Super Senior | Agni | 1st | Khushi | 12th |
| | | Vayu | 2nd | Rachi Gautam | 12th |
| | | Agni | 3rd | Mansi Sharma | 12th |
| | | Shakti | 2nd | Chetna Sharma | 12th |
| | | | | Anjali Sharma | 12th |
| Story Telling | Junior | Prithvi | 1st | Arti | 6th |
| | | Prithvi | 2nd | Madhavi | 6th |
| | | Prithvi | 3rd | Muskan | 6th |
| Extempore (Hindi) | Super Senior | Vayu | 1st | Rubi Singh | 12th |
| | | Agni | 2nd | Mili | 11th |
| | | Vayu | 3rd | Priyanka Baghel | 12th |
| | | Agni | 3rd | Khushboo | 12th |
| Aalap (Singing) | Junior | Vayu | 1st | Prarabdhi Verma | 7th |
| | | Vayu | 2nd | Siddhi Upmanyu | 6th |
| | | Shakti | 3rd | Vaishnavi | 6th |
| | Senior | Vayu | 1st | Vaishnavi | 9th |
| | | Vayu | 2nd | Navya | 9th |
| | | Shakti | 3rd | Anushka | 9th |
| | Super Senior | Vayu | 1st | Vrindaa | 12th |
| | | Vayu | 2nd | Kishori | 11th |
| | | Shakti | 3rd | Divyanjali | 12th |
| Spell Bee (Hindi) | | Prithvi | 1st | Aastha,Diya, Kalpana, Samiksha, Savita, Vishakha, Gauri | |
| | | Shakti | 2nd | Geetanjali, Radhika, Vidhi, Rishita, Nandini, Bhavna, | |
| Spell Bee (English) | Junior | Agni | 1st | Himanshi, Prema ,Tanu Diksha, Chahak, Himanshi, Vanshika, Sakshi, Saloni | |
| | | Shakti | 2nd | Ayali, Durgesh Rashmi, Vidhi, Kinjal, Himanshi Purvi, Sanjana, Kanchan, Shagun, SomyaS | |




Annual
Function
2023


Dance
&
Drama



**MATHEMATICS**



**INFORMATION TECHNOLOGY**



**SCIENCE**



**HUMANITIES**

## पंचपदी शिक्षा

### अधीति (अध्यापन कार्य)

आचार्य-आचार्या द्वारा विषय वस्तु को नवीन विषय के साथ पूर्वज्ञान के आधार पर प्रस्तुत करना एवं छात्राओं द्वारा श्रवण प्रश्नोत्तर, वाचन एवं प्रयोग आदि के माध्यम से विषय वस्तु से सम्बन्धित तथ्यों एवं सिद्धांतो की जानकारी प्राप्त करना।

### बोध (कक्षा कार्य)

छात्रा द्वारा मनन, पुनरावृत्ति, प्रश्नोत्तर, कक्षा एवं स्व-अभ्यास प्रयोग द्वारा विषय वस्तु के मूल सिद्धांत या तत्व को समझने का प्रयास। शिक्षकों द्वारा निरीक्षण एवं आवश्यकतानुसार छात्रा की सहायता करना।

### अभ्यास

छात्रा की त्रुटि अथवा भूल सुधारने के लिये रुचिपूर्ण एवं विविधता से पाठ्यवस्तु का अभ्यास कार्य कराना ताकि छात्रा द्वारा अर्जित ज्ञान परिपक्व होकर स्थायी हो जाये।

### प्रयोग

विभिन्न विषयों में अर्जित ज्ञान को सहायक क्रियाओं और प्रयोगात्मक क्रियाओं एवं अनुभव द्वारा सीखना अर्थात (Learning by doing) क्रिया आधारित शिक्षण।

### प्रसार

विभिन्न पुस्तक-पुस्तिकाओं से उपार्जित ज्ञान को अपने एवं राष्ट्र के विकास के लिये लागू करना तथा प्रवचन द्वारा मानव-समाज के कल्याण हेतु वितरित करना।



**HINDI, SANSKRIT & MASS MEDIA**



**ENGLISH**



**ADMINISTRATION**

## पंचकोशी शिक्षा

### शारीरिक शिक्षा

शारीरिक शिक्षा के माध्यम से अनेक खेलों जैसे - योग, व्यायाम, वॉलीबॉल, बैडमिण्टन, खो-खो, कबड्डी, जूडो, कराटे, वूशू, ताइक्वांडो, शतरंज, थ्रो-बॉल के द्वारा अन्नमय एवं प्राणमय दोनों कोशों का विकास करना।

### व्यावसायिक शिक्षा

छात्रा की ज्ञान-शक्ति, इच्छा-शक्ति एवं क्रिया-शक्ति द्वारा व्यक्तिगत जीविकोपार्जन एवं राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि हेतु श्रम-निष्ठा की शिक्षा प्रदान करना।

### मानसिक

मानसिक एवं बौद्धिक शक्तियों द्वारा छात्राओं की क्षमता का विकास, विश्लेषण, निरीक्षण एवं निष्कर्ष आदि गुणों का विकास मनोवैज्ञानिक एवं आधुनिक शिक्षा पद्धति द्वारा किया जाना।

### नैतिक

ईश्वरोन्मुखी जीवन के लिए ध्येयनिष्ठा, अनुशासन, स्वच्छता, बोध, सत्यवादिता, निःस्वार्थता, व्यवस्थाप्रियता, शिष्टाचार, समाज एवं राष्ट्र के प्रति भक्ति-भावना आदि सद्गुणों का विकास, प्रार्थना सत्र में विभिन्न महापुरुषों की जयन्तियाँ, उत्सव एवं प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से करना।

### आध्यात्मिक

भारतीय जीवन दर्शन के अनुसार जीवन के परम लक्ष्य के प्रति सचेत करना, अन्तरात्मा एवं दूसरे प्राणियों में ईश्वर के दर्शन करना, निर्भयता, प्रेम, करुणा आदि आध्यात्मिक गुणों का विकास करना।



**COMMERCE**



**SPORTS**



**MUSIC & ARTS**